रिजर्व पुलिस लाइन में चल रही नागरिक पुलिस भर्ती प्रक्रिया, हो रहा अभ्यर्थियों का शारीरिक मानक परीक्षण

फर्जी रोल नंबर लेकर आयी महिला बंदी

पुलिस भर्ती

- अभिलेख सत्यापन में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा
- महिला अभ्यर्थी का टैबलेट व प्रपत्रों को कब्जे में लिया

श्रावस्ती, संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसमें अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक का परीक्षण व अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है। अभिलेख सत्यापन में फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर एक महिला अभ्यर्थी को पकड़ा गया। उसके विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया और पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

श्रावस्ती पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करने की कोशिश कर रही एक महिला अभ्यर्थी को पकड़ा है। शनिवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने निरीक्षक संतोष कुमार यादव व पुलिस टीम के साथ फर्जीवाड़ा करने वाली महिला अभ्यर्थी ऋचा सिंह को रोडवेज बस स्टेशन भिनगा से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस लाइंस भिनगा में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण किया जा रहा था। इसमें महिला अभ्यर्थी ऋचा सिंह पुत्री राधेश्याम सिंह निवासी फरदा सुमेरपुर, थाना पयागपुर, जनपद बहराइच ने कूट रचित प्रवेश पत्र प्रस्तुत किया था। इसकी जांच की गई। जांच के दौरान महिला अभ्यर्थी की ओर से प्रस्तुत किए गए प्रवेश पत्र में दर्ज रोल नंबर फर्जी पाया गया।

पुलिस भर्ती परीक्षण का निरीक्षण करते एसपी।

प्रवेश पत्र में अंकित अनुक्रमांक महिला अभ्यर्थी का न होकर किसी दूसरे अभ्यर्थी का था। इस पर प्रभारी पुलिस परीक्षा भर्ती बोर्ड श्रावस्ती निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह की ओर से महिला अभ्यर्थी का टैबलेट व प्रपत्रों को कब्जे में लेकर थाना कोतवाली भिनगा में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद शनिवार को कोतवाली भिनगा पुलिस ने महिला अभ्यर्थी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह के साथ ही निरीक्षक अपराध संतोष कुमार यादव व महिला आरक्षी अन्नपूर्णा शामिल रहीं।

एडिट कर प्रवेश पत्र पर बदला गया था अनुक्रमांक

फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद महिला अभ्यर्थी के प्रपत्रों की विधिवत जांच की गई। जांच मे पाया गया कि महिला अभ्यर्थी परीक्षा में फेल हो गई थी। इसके बावजूद उसने स्वीट स्नैप एप के माध्यम से अपने प्रवेश पत्र को एडिट कर अपना अनुक्रमांक मिटा दिया। इसके बाद दूसरे उत्तीर्ण अभ्यर्थी का अनुक्रमांक प्रवेश पत्र पर अंकित कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए। जांच में फर्जीवाड़े का मामला मिलने के बाद प्रभारी पुलिस परीक्षा भर्ती बोर्ड श्रावस्ती निरीक्षक श्याम बहादुर सिंह की ओर से महिला का टैबलेट व उसके प्रपत्रों को कब्जे में ले लिया गया। इसके बाद महिला अभ्यर्थी के विरुद्ध कोतवाली भिनगा में केस दर्ज किया।

> पुलिस लाइन भिनगा में आयोजित पुलिस भर्ती की शरीरिक मानक परीक्षण के दौरान ऋचा सिंह पुत्री राधेश्याम सिंह निवासी फरदा सुमेरपुर थाना पयागपुर जनपद बहराइच की ओर से कूटरचित प्रवेश पत्र प्रस्तुत किया गया। जांच में पाया गया कि अभ्यर्थी ने फर्जी रोल नम्बर का प्रयोग करते हुए प्रवेश पत्र तैयार किया गया था। उसके विरुद्ध कोतवाली भिनगा में मुकद्मा दर्ज कराया गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
>
> **-प्रवीण कुमार यादव,** एसपी